प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 06.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. गृह मंत्रालय के निर्देश पर कल देश के 244 जिलों में होगी नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल : पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने कहा– तीन श्रेणियों में चयनित 19 जिलों समेत प्रदेशभर में होगा पूर्वाभ्यास।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज कैबिनेट बैठक में 11 प्रस्तावों को मिली मंजूरी : ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स नीति के जरिए प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य।
3. अयोध्या में बजरंग पथ का 50 प्रतिशत निर्माण कार्य पूरा : हनुमानगढ़ी को सीधे श्रीराम जन्मभूमि पथ से जोड़ेगा 290 मीटर लंबा मार्ग। और
4. राज्य में 8 मई तक जारी रहेगा आंधी–बारिश का सिलसिला : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रभावित जनपदों में तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के दिए निर्देश।

———————

पहलगाम आतंकी हमले के बाद हुई उच्चस्तरीय बैठकों की श्रृंखला में आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उनके आवास पर भेंट की। वहीं केन्द्रीय गृह सचिव गोविन्द मोहन ने कल

होने वाली नागरिक सुरक्षा मॉक ड्रिल की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आज वीडियो कांफ्रेंस के जरिये बैठक की। गृह मंत्रालय ने देश के 244 वर्गीकृत नागरिक सुरक्षा जिलों में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वाभ्यास आयोजित करने का निर्णय लिया है। इस मॉक ड्रिल का मुख्य उद्देश्य हवाई हमले की चेतावनी प्रणाली को परखना है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि गृह मंत्रालय के निर्देश पर प्रदेश में तीन श्रेणियों में चयनित 19 जिलों समेत सभी जनपदों में मॉक ड्रिल की जायेगी। बाइट....

*सात मई को सिविल डिफेंस के मॉक ड्रिल के संबंध में निर्देश भारत सरकार से प्राप्त हुए हैं।वहां से जैसे उन्नीस जिले आइडेंटिफाइड है जिसमें एक जिला एक कैटेगरी में है। दो जिले सी कैटेगरी में है। रेस्ट सभी जिले बी कैटेगरी के हैं लेकिन यहाँ की संवेदनशीलता को मध्य नजर रखते हुए शासन द्वारा यह निर्देश दिये गये हैं कि सभी जिलों में और जितने भी हमारे वर्टिकल्स हैं जैसे सिविल एडमिनिस्ट्रेशन है, पुलिस एडमिनिस्ट्रेशन है, फायर सर्विसेज हैं, डिजास्टर रिस्पांस फोर्स है। सभी के साथ मिलकर ये मॉक ड्रिल और प्रिपेयर्डनेस रखा जाए ताकि आकस्मिकता की स्थिति में हम लोग इन चीजों से निपट सकें।*

मॉकड्रिल के समय और स्थान को लेकर फ़ैसले ज़िला स्तर पर किए जाएंगे। इस दौरान आम नागरिकों को हवाई हमले, ड्रोन अटैक और मिसाइल हमले जैसी स्थितियों से बचाव की जानकारी दी जाएगी।

———————

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कल होने वाली मॉक ड्रिल पर कहा कि गृह मंत्रालय ने जो निर्देश जारी किया है उनका पालन उत्तर प्रदेश भी करेगा। इसके लिए सरकार तैयार है। बाइट.....

*हिन्दुस्तान एक ऐसा देश है कि किसी भी मुद्दे पर मतभेद हो सकता है। देश की एकता, अखंडता के मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है। देश की सुरक्षा के मुद्दे पर कोई मतभेद नहीं है और देश का हर नागरिक एक सैनिक की भांति देश के दुश्मन से निपटने के लिए तैयार रहता है और आज जो भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने निर्देश जारी किया है उसके क्रम में जो तैयारियां हैं वो देश भी कर रहा है। उत्तर प्रदेश भी करेगा और पूरा देश पूरी तरह से तैयार है।*

गृह मंत्रालय के 7 मई को देशभर में मॉक ड्रिल करने के निर्देश के बाद आज सिविल डिफेंस, पुलिस और स्थानीय प्रशासन ने लखनऊ की पुलिस लाइन में मॉक ड्रिल का अभ्यास किया। अंबेडकरनगर के एसपी केशव कुमार ने बताया है कि कल पुलिस लाइन, एनटीपीसी और सीमेंट फैक्ट्री सहित कई सार्वजनिक स्थानों पर मॉक ड्रिल होगी। फर्रुखाबाद के जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मॉक ड्रिल को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। मेरठ में भी इसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में आज लखनऊ के लोकभवन में हुई कैबिनेट की बैठक में 11

प्रस्तावों को मंजूरी मिली। सरकार ने ग्लोबल केपेबिलिटी सेंटर्स जीसीसी–नीति को मंजूरी प्रदान कर दी है। इस नीति का मकसद उत्तर प्रदेश को भारत का अगला वैश्विक सेवा केंद्र बनाना है और राज्य को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य तक पहुंचाना है। बैठक में परिवहन विभाग से जुड़ा प्रस्ताव भी पास हुआ है। इस प्रस्ताव में निजी बसों के लिए बस अड्डे बनाने को मंजूरी दी गयी। कैबिनेट की बैठक के बाद संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना ने बताया कि बैठक में वर्ष 2025–26 के लिए नई ट्रांसफर नीति के प्रस्ताव को पारित कर दिया गया है। प्रदेश में 15 मई से 15 जून तक ट्रांसफर पॉलिसी लागू रहेगी। बाइट....

*ट्रांसफर पॉलिसी इस वर्ष 2025–26 की आज मंत्रिपरिषद ने अनुमोदितकर दी जिसमें सामान्य रूप से वही सारे प्रोविजंस हैं जो पिछली बार दिए गये। इसमें खास तौर से एस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट और एस्पिरेशनल ब्लास्ट में किसी भी प्रकार से वहां पर कोई खाली न रहे उसकी व्यवस्था जरूर करनी है और एक महीने तक ट्रांसफर पॉलिसी एप्लीकेबल रहेगी। पंद्रह मई से प्रारंभ होकर पंद्रह जून तक।*

कैबिनेट बैठक में ऊर्जा के क्षेत्र में भी एक अहम परियोजना को मंजूरी मिल गई है। सरकार ने 1600 मेगावाट क्षमता की तापीय परियोजना से कुल 1500 मेगावॉट ऊर्जा बिड प्रॉसेस के माध्यम से 25 वर्षों तक खरीदने का निर्णय लिया है। बाइट....

*ऊर्जा की मांग को पूरा करने के लिए उत्तर प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए हमने कुछ पावर जो है बिडिंग प्रोसेस से खरीदने की दिशा में भी हमने सोचा था कि कुछ पावर हम मार्केट से बिडिंग करके हम खरीदेंगे*

*तो उस कड़ी में एक हज़ार छह सौ मेगावाट का पावर प्लांट हमारी ये भी शर्त थी कि ये पावर प्लांट उत्तर प्रदेश में लगेगा तब हम बिजली खरीदेंगे।*

————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप पादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————————

प्रदेश के कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल आज लखनऊ में उद्यमिता विकास की ओर उत्तर प्रदेश कार्यक्रम में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि ग्रामीण युवाओं को वैश्विक मांग के अनुरूप कौशल प्रदान कर उनकी रोजगार संभावनाओं को सुदृढ़ किया जाए। बाइट....

*हमारे ऐसे युवा जिनको उनकी जरूरत है वहाँ आकर के अपना ट्रेनिंग दे सकते हैं यानी जो हमने ट्रेनिंग दी वो इंडस्ट्री की डिमांड कुछ और होता है तो ऐसे बच्चों को ले जाकर के उनको ट्रेनिंग दिलवाने का काम करे।*

————————

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधु ने आज निर्वाचन सदन में

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती के नेतृत्व में बहुजन समाज पार्टी के साथ बातचीत की। भारत निर्वाचन आयोग ने विभिन्न हितधारकों के साथ अधिक से अधिक और नियमित सहभागिता को बढ़ावा देने पर जोर देने के क्रम में राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों के साथ बातचीत शुरू की है।

————————

प्रदेश में अलग अलग सड़क हादसों में 8 लोगों की मौत हो गई है। शाहजहांपुर के मदनापुर थाना क्षेत्र के ग्राम काबिलपुर में बीती देर रात तेज रफ्तार कार और बाइक की टक्कर में छह लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। वहीं बिजनौर में आज सुबह एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

————————

प्रदेश सरकार अयोध्या में हनुमानगढ़ी के निकासी मार्ग पर बजरंग पथ का निर्माण करा रही है। श्रद्धालुओं के लिए अब हनुमानगढ़ी से राम जन्मभूमि मंदिर तक पहुँचने का रास्ता और भी आसान हो जाएगा। 290 मीटर लंबा बजरंगपथ, हनुमानगढ़ी के निकास द्वार को सीधे श्रीराम जन्मभूमि पथ से जोड़ेगा। अयोध्या के मंडलायुक्त गौरव

दयाल ने बताया कि इसका 50 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है। बाइट....

*ये दो सौ सत्तर मीटर लम्बा भक्तिपथ को जन्मभूमि पथ से जोड़ने के लिए एक कॉरिडोर का निर्माण हो रहा है। लगभग पचास प्रतिशत इसका काम पूरा हो चुका है और इसमें हम लोगों ने एक एडिशनल प्रोजेक्ट इसका सब प्रोजेक्ट सबमिट किया था जो कि अप्रूव हो गया है तो इसी को हम लोग राम पथ से भी जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं और ओम प्रकाश बैरियर पर आकर ये जुड़ेगा।*

——————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंधी–बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित जनपदों के अधिकारियों को पूरी तत्परता से राहत कार्य संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि अधिकारी क्षेत्र का भ्रमण कर सर्वे करें और राहत कार्य पर नज़र रखें। आकाशीय बिजली, आंधी तूफान, बारिश आदि आपदा से जनहानि और पशुहानि होने की स्थिति में तत्काल प्रभावितों को राहत राशि का वितरण करें। घायलों का समुचित उपचार कराया जाए।

उधर, मौसम विभाग ने प्रदेश में आज से लेकर 8 मई तक गरज चमक के साथ बारिश का अनुमान जताया है। इस दौरान तेज हवाएं चलने और बिजली गिरने की आशंका है।

——————

आईपीएल क्रिकेट में आज मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई इंडियंस का सामना गुजरात टाइटन्स से हो रहा है।

(समाप्त)